विश्व पर्यावरण दिवस पर वी. यू. में जैविक व पर्यावरण सुधार में भव्य अशोक प्रजाति के पौधों का रोपण

जबलपुर। आज दिनांक 5 जून 2020 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हमारे प्रेरणास्त्रोत माननीय डॉ. लालजी टंडन जी , कुलाधिपति म. प्र. शासन , वि. वि. के संरक्षक माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी के मार्गदर्शन में जैवात्मक सुरक्षा एवं पर्यावरण सुधार की दिशा में उन्नत प्रजाति के अशोक के पौधों का रोपण माननीय विशिष्ट अतिथि इंजी. प्रभात दुबे , वि. वि. प्रबंधन मंडल सदस्य, ऊर्जावान डॉ. आर. पी. एस. बघेल अधिष्ठाता संकाय, कर्मठ व निष्ठावान डॉ. विनोद कुमार बाजपेई, कुलसचिव, श्री. अजय सिंह ठाकुर , लेखा नियंत्रक एवं इंज. ए. के. सिंह , कार्यपालन यंत्री की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने अपेक्षा एवं पहल पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न प्रजातियों के वृक्षारोपण उनकी सुरक्षा एवं देखभाल के माध्यम से हमारे विश्वविद्यालय प्रांगण व परिसर में निश्चित रूप से पर्यावरण सुधार की पहल से हमारे प्रक्षेत्र के गौवंश , शूकर, मत्स्य एवं परिसर में अन्य जीवजंतुओं का स्वास्थ तो उत्तम रहेगा साथ ही उनके उत्पादन में भी वृद्धि होगी और वि वि निरंतर सकारात्मक सोच व गतिविधियों के द्वारा प्रगति से वि. वि. का सशक्तिकरण होगा।

इस अवसर पर वि.वि. के प्रसाशनिक अधिकारियों संचालकों , प्राध्यापकों, एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उललेखनीय रही।

प्रकृति की सुरक्षा ही प्राणियों की जैवात्मक सुरक्षा एवं पर्यावरण का सुधार है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर